दिनांक 29.01.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम क्षेत्र में पानी टंकी का होगा निर्माण

भिलाईनगर/भिलाई नगर निगम क्षेत्र में शुद्व पेयजल आपूर्ति के लिए महापौर परिषद में चार नग उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य के लिए दर की स्वीकृति प्रदान किया है।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में आहूत किया गया। भिलाई नगर निगम क्षेत्र में होने वाले पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 4 नग उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किये जाने हेतु निविदा में प्राप्त दर की स्वीकृति महापौर परिषद में प्रदान की है। भिलाई निगम के खुर्सीपार में 1500 कि.ली, सुपेला क्षेत्र में 1500 कि.ली, वैशाली नगर में 2000 कि.ली एवं केम्प-2 के क्षेत्रो में 3000 कि.ली. क्षमता का उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण किया जाना है। उक्त टंकी के निर्माण हो जाने से भिलाई के सभी क्षेत्रो में पेयजल की समस्या का स्थायी निदान हो सकेगा। जिन क्षेत्रो में कम फोर्स के साथ पानी प्राप्त हो रहे है , उसका भी समाधान होगा।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, चंद्रशेखर गंवई, मालती ठाकुर, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त, विभाग प्रमुख उपस्थित थे।